जन्मदिन मुबारक

रिशौन
पिता : राजकुमार

सतनाम सिंह
पिता : मंदीप सिंह

सैल्फ़ी स्टार

तानिया अपनी बहन पायल के साथ।

खुशबू अपने बेटे के साथ।

दिनेश सूद अपनी पत्नी शिखा सूद के साथ।

ललित वालेचा अपनी पत्नी आकांक्षा के साथ।

मोदी सरकार के 12 सालों में गांव-गांव और हर नागरिक को मिला सशक्तिकरण : डॉ. जितेंद्र सिंह

कठुआ,हीरानगर, 18 जून (महाजन, लोकेश): केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने वीरवार को जसरोटा विधानसभा क्षेत्र के गांव खिलोचक, मंडल छन्न अरोड़ियां में आयोजित पीएम मोदी सरकार 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश में विकास और सुशासन की नई मिसाल कायम हुई है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में सड़क, रेलवे, स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में तेजी से काम हुआ है। उन्होंने कहा कि कठुआ जिला विकास का प्रवेश द्वार बनकर उभरा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं, युवाओं, किसानों, वरिष्ठ नागरिकों और कमजोर वर्गों को लाभ मिला है। उन्होंने लोगों से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जसरोता राजीव जसरोतिया ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों में क्षेत्र के ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में विकास कार्यों को नई गति मिली है। वहीं विधायक कठुआ डॉ. भारत भूषण ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे, रोजगार और जनसेवाओं के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिले हैं। इससे पहले भाजपा के जनसंपर्क अभियान के तहत डॉ. जितेंद्र सिंह ने सेवानिवृत्त प्राचार्य चुन्नी लाल शर्मा से मुलाकात कर उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना की। उन्होंने महंत मोहन गिरी जी महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया और सामाजिक समरसता व जनकल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सरपंच, पंच, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम दौरान केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह तथा उपस्थित लोगों को संबोधित करते विधायक राजीव जसरोटिया। (लोकेश,महाजन)

गंभीर ब्राह्मणा-खंकारी सड़क की बदहाल हालत से ग्रामीण परेशान

राजौरी, 18 जून (शिवम) : राजौरी जिले के गंभीर ब्राह्मणा से खंकारी तक जाने वाली सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। करीब 6 किलोमीटर लंबा यह सड़क मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे 5 हजार से अधिक आबादी को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने इस सड़क को "मौत का रास्ता" करार दिया है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई सतह और जगह-जगह क्षतिग्रस्त हिस्सों के कारण वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। स्कूली बच्चों, मरीजों, कर्मचारियों और आम यात्रियों को प्रतिदिन जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क का करीब 4 किलोमीटर हिस्सा थन्नामंडी विधानसभा क्षेत्र तथा 2 किलोमीटर हिस्सा राजौरी विधानसभा क्षेत्र में आता है। उनका आरोप है कि कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों के समक्ष समस्या उठाने के बावजूद अब तक सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत और उन्नयन कार्य शुरू करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आने वाले दिनों में जम्मू-राजौरी-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सड़क की हालत नहीं सुधारी गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

सड़क की बदहाल हालत को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

उपायुक्त राजौरी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

राजौरी, 18 जून (शिवम) : उपायुक्त राजौरी अभिषेक शर्मा ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के तहत स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में चल रही स्वास्थ्य योजनाओं, विकास कार्यों तथा आम लोगों को उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति का आंकलन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य संस्थानों के संचालन, एन.एच.एम. कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में चल रहे आधारभूत ढांचा विकास कार्यों की समीक्षा की।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष जोर देते हुए उपायुक्त ने अधिकारियों को जिले में 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित कार्यदायी एजेंसियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने, आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था में सुधार लाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं उत्तरदायी बनाने के निर्देश भी दिए।

बैठक में एन.एच.एम. के विभिन्न कार्यक्रमों, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, मानव संसाधन की तैनाती तथा स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त मलिक ज़ादा शेराज़-उल-हक, अतिरिक्त उपायुक्त राजौरी रवि कुमार सिहाग, जी.एम.सी. एवं एसोसिएटेड अस्पताल राजौरी के मैडीकल सुपरिंटेंडेंट सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि ब्लॉक मैडीकल अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

राजौरी में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अभिषेक शर्मा।

भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा ने चलाया पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान

जम्मू, 18 जून (रोशनी) : स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा ओबीसी मोर्चा ने वीरवार को श्रीनगर के ईदगाह विधानसभा क्षेत्र स्थित अली मस्जिद दरगाह में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम स्थानीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में हुआ, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के कई स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा जम्मू-कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्म ज्योत सत्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दरगाह परिसर और आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाए। सत्ती ने लोगों से अपील की कि पर्यावरण को हरित और स्वस्थ रखने के लिए हर व्यक्ति को पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान मस्जिद परिसर के अंदर और बाहर बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

ब्रह्म ज्योत सत्ती ने कहा कि धार्मिक स्थल हमेशा समाज को सकारात्मक मूल्यों और सामूहिक जिम्मेदारी की सीख देते आए हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने से न केवल उनकी पवित्रता बरकरार रहती है, बल्कि समाज को सार्वजनिक स्वच्छता का मजबूत संदेश भी मिलता है। उन्होंने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि वे वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

कार्यक्रम में फैयाज अहमद नजर, शबीर अहमद, जिला अध्यक्ष हिलाल अहमद कुमार, जिला उपाध्यक्ष नजीर अहमद, फिरोज अहमद अहंगर, अब्दुल मजीद हज्जाम, मेहराज, जिला सचिव अमान शेख, इम्तियाज अहमद, फाजिल फैयाज, जिला कार्यालय सचिव जफर अहमद बोटा, विधानसभा अध्यक्ष गुलाम हुसैन गनी, मोहम्मद अमीन डार और आसिफ अहमद सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान चलाते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा जम्मू-कश्मीर के प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्म ज्योत सत्ती व अन्य। (मोहित)

सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाना लक्ष्य : केशव चोपड़ा

जम्मू, 18 जून (रोशनी): जरूरतमंद परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संवेदना सोसाइटी के चेयरमैन केशव चोपड़ा ने वीरवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्थानीय निवासियों को प्रायोरिटी हाउसहोल्ड राशन कार्ड, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा कार्ड और आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) कार्ड वितरित किए गए। केशव चोपड़ा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि संवेदना सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं और जरूरतमंद लोगों के बीच की दूरी को कम करना है। उन्होंने कहा कि सब्सिडी वाला राशन और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा हर नागरिक की बुनियादी जरूरत है।

इन कार्डों से कई परिवारों का रोजमर्रा का आर्थिक बोझ कम होगा और स्वास्थ्य आपात स्थिति में राहत मिलेगी। इस अवसर पर चोपड़ा ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की तत्परता की सराहना की। शिविर में लाभार्थियों ने केशव चोपड़ा और संवेदना सोसाइटी का आभार जताया। लाभार्थियों के एक प्रतिनिधि समूह ने कहा कि आयुष्मान और आभा कार्ड मिलने से परिवार के स्वास्थ्य को लेकर चिंता कम हुई है, वहीं नए राशन कार्ड से घर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

कार्यक्रम के अंत में केशव चोपड़ा ने कहा कि संवेदना सोसाइटी आगे भी ऐसे जन-कल्याण शिविर आयोजित करती रहेगी ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। इस मौके पर अंजू, सौरव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मनोज टंडन, सुशील गुप्ता, पुरुषोत्तम लाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित करते हुए संवेदना सोसाइटी के चेयरमैन केशव चोपड़ा। (मोहित)

नगर परिषद के सी.ई.ओ. का पुतला फूंकने वालों के प्रति समाजसेवी ने जताई नाराजगी

ऊधमपुर, 18 जून (रमेश) : प्रसिद्ध समाज सेवक विपिन दुबे ने एक बयान जारी कर नगर परिषद के सी.ई.ओ. का पुतला फूंकने वालों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद सी.ई.ओ. अच्छा काम कर रहे हैं और वह शहर को साफ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर अस्थायी सफाई कर्मचारियों द्वारा लंबित मांगों को लेकर की जा रही हड़ताल भी जायज है। वह इसको लेकर पिछले काफी समय संघर्ष कर रहे हैं।

इस सबके लिए सरकार जिम्मेवार है जो अस्थायी कर्मियों की समस्याओं को हल करने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द डेलीवेजरों की समस्याओं को हल करें ताकि वह बिना किसी डर के कार्य कर सकें।

शादी-विवाह के सीजन से जम्मू के सराफा बाजार को संजीवनी की उम्मीद

जम्मू, 18 जून (विक्की) : शादी-विवाह के आगामी सीजन से जम्मू के सराफा बाजार में नई उम्मीद जगी है। पिछले कई महीनों से मंदी की मार झेल रहे इस कारोबार से जुड़े करीब 400 से 500 व्यापारी और दुकानदार अब शादी-विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। स्वर्णकार व्यापारियों का मानना है कि विवाह सीजन में आभूषणों की मांग बढ़ने से बाजार में फिर से रौनक लौटेगी और लंबे समय से प्रभावित कारोबार को संजीवनी मिलेगी।

जम्मू स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष अजय वर्मा ने बताया कि पिछले काफी समय से सराफा कारोबार अपेक्षित स्तर से काफी नीचे चल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी शादी-विवाह के मुहूर्त खुलने के साथ ही सोने-चांदी के आभूषणों की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद है।

अजय वर्मा के अनुसार, कुछ महीने पहले प्रधानमंत्री द्वारा अनावश्यक रूप से सोना न खरीदने की अपील का भी बाजार पर असर पड़ा था। इसके अलावा सोने की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने आम उपभोक्ताओं की खरीदारी क्षमता को प्रभावित किया है। बढ़ती कीमतों के कारण लोग जरूरत के अनुसार ही आभूषण खरीद रहे हैं, जिससे कारोबार में अपेक्षित तेजी नहीं आ पाई।

स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष ने कहा कि सराफा कारोबार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है। ऐसे में आगामी विवाह सीजन व्यापारियों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्हें उम्मीद है कि शादी-ब्याह के दौरान ग्राहकों की बढ़ती आमद से बाजार में फिर से रौनक लौटेगी और कारोबार पटरी पर आएगा।

व्यापारियों का मानना है कि यदि विवाह सीजन के दौरान खरीदारी में अपेक्षित बढ़ोतरी होती है तो पिछले कई महीनों से जारी मंदी का दौर समाप्त हो सकता है और सराफा बाजार को नई ऊर्जा मिलेगी।

जम्मू स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष अजय वर्मा।

डी.सी. ऊधमपुर ने पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की

पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की कि समीक्षा करते डी.सी. ऊधमपुर। (तनु)

ऊधमपुर, 18 जून (दीपक) : ऊधमपुर के उपायुक्त मिंगा शेरपा ने पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़े अधिकारियों, सूचीबद्ध विक्रेताओं और एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, ताकि जिले में योजना की प्रगति का आकलन किया जा सके। जे.पी.डी.सी.एल. के कार्यकारी अभियंता ने कुल प्राप्त आवेदनों, विक्रेताओं को किए गए आबंटन, लंबित मामलों और अब तक पूर्ण किए गए सौर पैनल इंस्टॉलेशन को कवर करते हुए एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

जे.पी.डी.सी.एल. और सूचीबद्ध विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि वे प्राप्त आवेदनों और लंबित स्थापनाओं के बीच के अंतर को पाटने के लिए घनिष्ठ सहयोग से काम करें, योजना के लाभों के बारे में घर-घर जाकर जागरूकता अभियान तेज करें और लंबित सौर रूफटॉप सिस्टम की स्थापना में तेजी लाएं ताकि जिले भर में आबंटित सभी मामलों को समय पर पूरा किया जा सके।

ध्यान योग से मन को रखें प्रसन्न: संत सुभाष शास्त्री

मौजूद श्रद्धालु और प्रवचन करते संत सुभाष शास्त्री । (अंजू)

बिलावर, 18 जून (अंजू) : ध्यान की गहराई को समझाते हुए संत सुभाष शास्त्री महाराज ने प्रकृति की गोद तथा मां सुकराला जी के श्री चरणों में जिज्ञासु साधकों को प्रतिदिन ध्यान-साधना शिविर के माध्यम से, मन को एकाकचित्त करने की शिक्षा प्रदान की।

शास्त्री शहाराज ने समझाया कि मनुष्य का मन बहुत ही चंचल होता है व हर पल इसमें कोई न कोई विचार आता-जाता रहता है तथा इन विचारों के आने-जाने से ही प्रत्येक मनुष्य सदैव परेशान रहता है। आप बाहरी तौर पर बेशक प्रदर्शन करें कि प्रसन्न है परंतु भीतर ही भीतर आपको, आपके विचार चिन्तित रखते हैं।

अब प्रश्न यह उत्पन्न होता है के इन चिंता के बीज रूपी विचारों कैसे रोका जाए। उन्होंने बताया कि प्रथम प्राणायाम का अभ्यास तदुपरांत ध्यान, मेडिटेशन इस प्रकार निर्विचार करने सक्षम हो सकते हैं। यह प्रक्रिया रोजाना 5 से 15 मिनट तक करें, इससे आपकी बुद्धि तीव्र होगी व मन्न निर्विचार हो जाएगा व आप "ध्यान का अभ्यास बड़ी सुगमता से कर पाएंगे।

शास्त्री महाराज ने अंत में समझाया कि ध्यान में एक बार जब तुम भीतर चले जाते हो, तो तुम हमेशा के लिए चले जाते हो। तब जब तुम फिर से सजीव होते हो तो तुम पूरी तरह से अलग इंसान हो जाते हो। फिर पुराने व्यक्तित्व का कोई महत्व नहीं रहता, क्योंकि तुम तुम जान चुके हो कि मैं कौन हूं, मैं वहीं हूं परमेश्वर, चेतना।

यूनियन बैंक Union Bank of India
क्षेत्रीय कार्यालय, अमृतसर
एससीओ 12-13, द्वितीय तथा, तीसरी मंजिल, बी-ब्लॉक, जिला शापिंग सेंटर रंजीत एवेन्यू, अमृतसर 143001 ईमेल : pnd.roamritsar@unionbankofindia.bank.in
लीज (किराए) पर जगह की जरूरत है (M) 63592-53725, 98761-76545
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नई शाखा के लिए, पूरी करने के लिए तैयार एक आदर्श जगह से कम हुआ कम्पिटिशन परिसर चाहिए। प्राथमिकता भूतल को दी जाएगी, जिसमें ग्राहक के अधिकार और अलग एंट्री हो, जगह इस स्थान पर होनी चाहिए :

अमृतसर	जम्मू (जोनेबल) 181201	सीमा 1400 वर्गफुट (+/-) 10 प्रतिशत

इच्छुक मकान मालिक/व्यक्ति यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के ऊपर दिए गए पते से आवेदन के समय (सुबह 10.00 बजे से शाम 4.30 बजे तक) टेंडर डॉक्यूमेंट ले सकते हैं या बैंक की वेबसाइट www.unionbankofindia.co.in या सरकारी पोर्टल www.eprocure.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं।
कृपया तकनीकी बोली और कीमत बोली अलग-अलग सीलबंद लिफाफों में भेजें। बोली जमा करने की अंतिम तारीख 03-07-2026 को दोपहर 03.00 बजे तक है। बोली खोलने की तारीख और समय 03-07-2026 को शाम 04.00 बजे है।
बैंक के पास बिना कोई कारण बताए प्रस्ताव स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
क्षेत्रीय प्रमुख

साईं मंदिर में वार्षिक भंडारे का आयोजन

ऊधमपुर, 18 जून (रमेश) : देविका स्थित साईं मंदिर में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वहां के महंत मंगल दास जी महाराज ने बताया कि बुधवार से प्रारंभ हुआ, अखंड रामायण पाठ वीरवार सुबह समाप्त हो गया। उसके उपरांत हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्रोच्चारण के साथ लोगों द्वारा आहुतियां डाली गई तथा पूर्णाहुति की गई। इसके उपरांत कन्या पूजन तथा साधु पूजन किया गया तथा बाद में भंडारा प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना की तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने इसके लिए सभी ऊधमपुर वासियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से इस वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया।

सांसद जुगल किशोर शर्मा ने सीमावर्ती गांवों का दौरा कर लोगों से की मुलाकात

क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों से मुलाकात करते सांसद जुगल किशोर शर्मा। (मुकेश)

आर.एस. पुरा, 18 जून (मुकेश): भारतीय जनता पार्टी के सांसद जुगल किशोर शर्मा ने गुरुवार को आर.एस. पुरा सेक्टर के सीमावर्ती गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिकों को प्रधानमंत्री के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक भेंट कर सम्मानित भी किया।

सांसद के साथ पूर्व मंत्री श्याम लाल चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष रिंकू चौधरी तथा अन्य पार्टी नेता भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान सांसद ने गांव गेगियां में सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारी मोहन लाल चौधरी और उनके परिवार से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने गांव पुरो भाना में प्रगतिशील किसान प्रेम चौधरी से भेंट की तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शांति एवं स्थिरता स्थापित होने से सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों को विशेष लाभ मिला है। पूर्व मंत्री चौधरी श्याम लाल तथा अन्य भाजपा नेताओं ने भी केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला तथा लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

राजौरी में पशुपालन विभाग का जागरूकता शिविर आयोजित

राजौरी के केवल क्षेत्र में आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए।

राजौरी, 18 जून (शिवम) : पशुपालन विभाग जम्मू द्वारा गुरुवार को राजौरी के केवल क्षेत्र में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पशुपालकों और बेरोजगार युवाओं को विभाग की विभिन्न पशुधन विकास एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को होलिस्टिक एग्रीकल्चर डिवैल्पमैंट प्रोग्राम तथा इंटीग्रेटेड डेयरी डिवैल्पमैंट स्कीम सहित विभिन्न प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से डेयरी, भेड़-बकरी पालन, पोल्ट्री एवं अन्य पशुधन आधारित उद्यम स्थापित कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त किए जा सकते हैं। युवाओं और किसानों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई।

पशुपालन विभाग के प्रचार प्रकोष्ठ के विस्तार अधिकारी डॉ. सज्जाद ने विभागीय योजनाओं एवं वैज्ञानिक पशुपालन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं डॉ. गुलाब सिंह, पशु चिकित्सा सहायक सर्जन तथा डॉ. जमील, पशु चिकित्सा सहायक सर्जन ने भी पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और आधुनिक पशुपालन तकनीकों पर उपयोगी जानकारी साझा की।

इस अवसर पर केवल के पूर्व सरपंच मोहम्मद फारूक इंकलाबी ने जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए पशुपालन विभाग की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं एवं पशुपालकों से सरकार की इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाने तथा पशुपालन क्षेत्र को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय: एस.सी.ओ. 19, दूसरी मंजिल, बी-ब्लॉक, रंजीत एवेन्यू, अमृतसर
ई-मेल: recovery.amritsar@bankofbaroda.com
ई-नीलामी बिक्री सूचना
चल और अचल संपत्तियों/एसैट्स की बिक्री के लिए सूचना "परिशिष्ट-II-A/IV-A [नियम 6(2) और 8(6) के प्रोविजो देखें]"
सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसैट्स एंड एनफोर्समेंट आफ सिक्योरिटी इंटैरेस्ट एक्ट, 2002 और सिक्योरिटी इंटैरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 6(2), 8(6) और 9 के प्रावधानों के तहत चल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई चल/अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/चार्ज है और जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी ने ले लिया है, उसे "जैसा है, जहां है", "जैसा है, वैसा है" और "जो कुछ भी है, उसी आधार पर" बेचा जाएगा। वह बिक्री नीचे बताए गए खाते में बैंक के बकाया की वसूली के लिए की जा रही है। उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं और गारंटर(ओं) / सुरक्षित संपत्तियों / बकाया राशि / आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि और ई-नीलामी की तारीख और समय का विवरण नीचे दिया गया है :
EMD भुगतान का तरीका : NEFT

शाखा का नाम और पता / एनपीएखाता	अचल संपत्ति का विवरण कब्जे की स्थिति (रचनात्मक/भौतिक/ प्रतीकात्मक)	मांग सूचना की तारीख / कुल बकाया राशि	ई-नीलामी की तारीख / ई-नीलामी का समय / आरक्षित मूल्य	रिजर्व प्राइस / अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट / बोली वृद्धि राशि	प्रॉपर्टी देखने की तारीख और समय
सिविल एयरपोर्ट, जम्मू शाखा (i) श्री गौरव चोपड़ा, पुत्र श्री सुनील कुमार चोपड़ा (उधारकर्ता) (ii) श्रीमती चोपड़ा, पुत्री श्री सुनील कुमार चोपड़ा (सह-उधारकर्ता) (iii) श्रीमती शर्मी चोपड़ा पत्नी श्री सुनील कुमार चोपड़ा (सह-उधारकर्ता) (iv) सिमरन चोपड़ा पत्नी गौरव चोपड़ा (सह-उधारकर्ता) सभी उक्त निवासी म. नं. 53, सैक्टर-2, ईडब्ल्यूएस कालोनी, नजदीक हरिकृपा कार क्लीनिक, लोअर रूप नगर, जम्मू, जेएंडके 180013	पंजीकृत बंधक तारीख 09-06-2025 13 मरला और 110 वर्ग फुट जमीन का प्लॉट जो खसरा नंबर 151 मिन, खाता नंबर 46, खेवट नंबर 5 के अंतर्गत आता है, राजस्व गांव चक नौशहरा में स्थित, तहसील जम्मू उत्तर और जिला जम्मू जम्मू नगर निगम की सीमाओं के भीतर आता है। श्रीमती शर्मी चोपड़ा पत्नी स्व. श्री सुनील चोपड़ा के नाम पर और संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं : पूर्व : मार्ग 54', पश्चिम : सड़क 60', उत्तर: सड़क 60', दक्षिण: खुली जमीन 60'। (भौतिक कब्जा)	11-03-2026 / रु. 1,87,58,194.88 11-03-2026 तारीख तक + ब्याज, 10-03-2026 से लागू शुल्क और अन्य लागू हुई कोई भी विलंबित (अगर हो तो)	28-07-2026 दोपहर 02.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक (हर बार 10 मिनट के अनलिमिटेड एक्सटेंशन के साथ)	रु. 1,23,00,000/- / रु. 12,30,000/- / रु. 10,000/-	15-07-2026 पहले अप्वाइंटमैंट लेकर

सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के नियम 8 के तहत सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के लिए 30 दिनों का नोटिस
नियम और शर्तें : बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया वैबसाइट लिंक : https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और ऑनलाइन नीलामी पोर्टल देखें : https://baanknet.com इसके अलावा, बोली लगाने के इच्छुक लोग अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 94192-46677, 79846-79806, 70871-15313 पर संपर्क कर सकते हैं।
तारीख : 18-06-2026 स्थान: जम्मू हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी (बैंक आफ बड़ौदा)